दिनांक 18 फरवरी 2021

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

ई-रिक्शा की उपयोगिता से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में आई तेजी

- स्वच्छ सर्वेक्षण में ई-रिक्शा के संचालन से मिल रहे हैं कई फायदे

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए है! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कार्य के लिए ई-रिक्शा आने के बाद कचरा कलेक्शन में तेजी आई है! कचरे के परिवहन के साथ ही प्रदूषण को कम करने में भी ई-रिक्शा कारगर साबित हो रहा है! 100% कचरा कलेक्शन पूर्व में भी किया जाता रहा है परंतु पुराने रिक्शा के मुकाबले ई-रिक्शा से कचरा कलेक्शन में समय की भारी बचत हो रही है, कचरा को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने में आसानी हो रही है! पुराने सामान्य रिक्शा से परिवहन में काफी समय लगता था, इसके अलावा दो व्यक्ति इस रिक्शे में संलग्न किए जाते थे, हाथ से खींचकर रिक्शा से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता था! कचरा को बहुत अधिक दूर तक लेकर जाना मुश्किल था इसलिए मोहल्ले के नजदीक के एक स्थल पर कचरा को एकत्र किया जाता था , जहां से कंपैक्टर द्वारा एसएलआरएम सेंटर में कचरा को पहुंचाया जाता था! परंतु अब ई-रिक्शा के संचालित होने से कचरा सीधे एसएलआरएम सेंटर या कंपैक्टर तक पहुंचा दिया जा रहा है! निगम भिलाई में 150 ई-रिक्शा आने है जिसमें से 129 पहुंच चुके हैं! जोन क्षेत्र में ई-रिक्शा का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जोन क्रमांक एक में 35, जोन क्रमांक 2 में 40, जोन क्रमांक 3 में 15 एवं जोन क्रमांक 4 में 35 ई-रिक्शा संचालित हो रही है! ई-रिक्शा का मेंटेनेंस का कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है! निगम क्षेत्र में ई-रिक्शा के संचालन होने से एनजीटी के उद्देश्यों का भी पालन हो रहा है! पुराने रिक्शा से जहां एक ट्रिप कचरा उठता था अब 3 ट्रिप कचरा उठ रहा है! ई-रिक्शा से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के अतिरिक्त मार्केट एरिया का कचरा कलेक्शन, स्वीपिंग के दौरान निकलने वाले कचरे तथा झिल्ली, पन्नी का उठाव किया जा रहा है! पुराने रिक्शा में कचरा भरने की कैपेसिटी कम थी परंतु ई रिक्शा में कचरा भरने की क्षमता अधिक है! धूप और बारिश में भी ई-रिक्शा से कार्य करने में आसानी हो रही है! स्वच्छता सर्वेक्षण में ई-रिक्शा के आने से कई सारे फायदे मिल रहे हैं!

ई रिक्शा के लिए कई जगह पर बने हैं चार्जिंग पॉइंट ई-रिक्शा के लिए समस्त जोन क्षेत्रों में चार्जिंग पॉइंट बनाए गए हैं! ई-रिक्शा के बैटरी को 3 घंटे चार्ज करने पर यह 4 से 5 घंटे उपयोग में आती है! जोन क्षेत्रों में चार्जिंग पॉइंट की बात करें तो नेहरू नगर जोन में बस डिपो स्थित वाहन शाखा में , वैशाली नगर जोन में जोन कार्यालय में , मदर टैरेसा नगर जोन में 10 बिस्तर अस्पताल के पास, जवाहर नगर मार्केट के पास, बैकुंठ धाम क्षेत्र में तथा जोन कार्यालय में एवं शिवाजी नगर जोन के लिए जोन कार्यालय में ही चार्जिंग पॉइंट बनाया गया है!

जनसंपर्क अधिकारी